**कार्यालय मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।**

पत्रांकः–3103/11–सी–FP/UP/Road/121267/2021, लखनऊ, दिनांकः मार्च 28 ,2023

सेवा में,

उप वन महानिदेशक (केन्द्रीय),
भारत सरकार,
पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मन्त्रालय,
एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय (मध्य क्षेत्र),
केन्द्रीय भवन, अलीगंज, लखनऊ।

विषयः– जनपद–सोनभद्र में पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड लोक निर्माण विभाग, सोनभद्र द्वारा प्रस्तावित प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (एल0डब्लू0ई0) के अंतर्गत भदई अरार से मकरीबारी मार्ग चौडीकरण एवं सुदृढीकरण में सोनभद्र वन प्रभाग में किमी0 0.00 से 40.150 तक के मार्ग चौडीकरण एवं सुदृढीकरण में प्रभावित 18.09 हे0 आरक्षित वनभूमि एवं बाधक 98 वृक्षों के पातन तथा कैमूर वन्यजीव प्रभाग, मीरजापुर में किमी0 40.150 से 46.050 तक मार्ग चौडीकरण एवं सुदृढीकरण में प्रभावित 0.4293 हे0 आरक्षित वनभूमि एवं शून्य वृक्षो का पातन अर्थात कुल 18.5193 हे0 आरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 98 पौधों के पातन की अनुमति के संबंध में।

संदर्भः– भारत सरकार का पत्रांक–8बी/यू0पी0/06/292/2022/एफ0सी0/697, दिनांक 23.11.2022, मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर का पत्रांक–3151/मी0क्षे0/33, दिनांक 21.03.2023 एवं प्रभागीय वनाधिकारी, कैमूर वन्यजीव प्रभाग, मीरजापुर का पत्रांक–2232/33–1, दिनांक 27.03.2023

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्रों का अवलोकन करने की कृपा करें। भारत सरकार के उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा विषयगत प्रकरण में की गयी आपत्तियों का बिन्दुवार निराकरण कर वांछित सूचना एवं उससे सम्बन्धित अभिलेख मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर के उपरोक्त पत्रांक–3151/मी0क्षे0/33, दिनांक 21.03.2023 एवं प्रभागीय वनाधिकारी, कैमूर वन्यजीव प्रभाग, मीरजापुर का पत्रांक–2232/33–1, दिनांक 27.03.2023 द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है।

अतः उपरोक्त पत्रों की छायाप्रति सहित वांछित सूचना एवं उससे सम्बन्धित अभिलेख इस अनुरोध के साथ संलग्न कर प्रेषित है कि कृपया विषयगत प्रकरण में आवश्यक अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

**संलग्नकः उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

**(अनुपम गुप्ता)**
मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

**पत्रांकः– 3103 /11–सी–FP/UP/Road/121267/2021, दिनांकित।**

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को संलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।**

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर एवं वन्यजीव पश्चिमी क्षेत्र, कानपुर।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, सोनभद्र एवं कैमूर वन्यजीव प्रभाग, मीरजापुर।
3. अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0 खण्ड लोक निर्माण विभाग, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र।

**(अनुपम गुप्ता)**
मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

Acy-401